

नवभारत 03
इंदौर, गुरुवार 16 अप्रेल 2026

# 9 लाख ब्लैकमेलिंग मामले में कोठारी नर्सिंग होम केस में जांच की निष्पक्षता पर सवाल

**एक पक्ष पर कार्रवाई, डॉक्टर पर अब तक कोई केस नहीं; भुगतान और नियमों के पालन पर उठे कई प्रश्न**

( जितेन्द्र पुरोहित )

**देवास।** शहर के चर्चित कोठारी नर्सिंग होम से जुड़े कथित 9 लाख के ब्लैकमेलिंग मामले में अब जांच की निष्पक्षता पर सवाल उठने लगे हैं। एफआईआर सामने आने और स्थानीय स्तर पर हो रही चर्चाओं के बाद यह मामला लगातार चर्चा में बना हुआ है। जानकारी के अनुसार, कोठारी नर्सिंगहोम की डॉक्टर सीमा कोठारी ने थाना कोतवाली में एफआईआर दर्ज करवाई थी जिसमे उन्होंने आरोप लगाया है कि कुछ लोगों ने मुझसे कहा कि हमे गर्भपात करवाना है हमने सोनोग्राफी करवा ली है। उसमें लड़की होना पाया गया है जिस पर डॉ सीमा कोठारी ने गर्भपात करने से इनकार तो कर दिया था लेकिन उन लोगो को एक अन्य नर्सिंगहोम की डॉक्टर का नाम सजेस कर दिया था इस बात की रिकॉर्डिंग कर के दोबारा मेरे पास आकर 25 लाख की मांग की और ब्लैकमेल करने




का प्रयास किया। जिसमें डॉक्टर द्वारा 9 लाख रुपए देने की बात कही गई उसके डॉक्टर ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दो आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कराया। जिसमे बताया गया कि दो व्यक्ति मुझसे रुपये लेकर गए इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई शुरू की। हालांकि इन्होंने गर्भपात करने से तो इनकार कर दिया था। लेकिन किसी अन्य डॉ का नाम क्यो सुझाया और अगर यह गलत नही थी तो फिर ब्लैकमेलिंग करने वालों को 9 लाख रुपए की राशि क्यो दी। हालांकि, अब यह सवाल उठ रहा है कि इस पूरे मामले में केवल एक पक्ष के खिलाफ ही कार्रवाई क्यों की गई, जबकि दूसरे पक्ष की भूमिका की जांच को लेकर अब तक कोई स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है।

शहर में यह चर्चा भी है कि यदि डॉक्टर द्वारा किसी प्रकार की राशि देने की सहमति दी गई या भुगतान किया गया, तो इसके पीछे के कारणों और परिस्थितियों की भी जांच होनी चाहिए। एफआईआर के अनुसार, कुछ लोग क्लिनिक पर पहुंचे और दबाव बनाते हुए वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने की कोशिश की। इसी आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की है। लेकिन डॉ को कौनसा वीडियो दिखाकर ब्लैकमेल किया गया इस वीडियो को छुपाया गया क्यो की जब यह वीडियो सामने आता तो कही ने कही डॉ की भूमिका भी सामने आती और पुलिस को इनके खिलाफ भी कार्यवाही करना पड़ सकती थी।

### नियमों और जांच प्रक्रिया पर उठे सवाल

ऐसे में यह सवाल खड़ा हो रहा है कि यदि किसी प्रकार की चिकित्सा भूमिका इस मामले में रही है, तो क्या वह नियमों के अनुरूप थी या नहीं। यदि कोई अनियमितता हुई है, तो उस पर कार्रवाई क्यों नहीं की गई?

### निष्पक्ष जांच की मांग तेज

स्थानीय लोगों का कहना है कि पूरे मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच होनी चाहिए, जिसमें दोनों पक्षों को ध्यान में रखा जाए। जबकि एक अन्य नर्सिंगहोम संचालिका डॉक्टर पर तो पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया। यह मामला अब प्रशासन की कार्यप्रणाली और जांच की पारदर्शिता को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े कर रहा है।

## एक नजर में

### बाबा साहब के आदर्शो को जीवन में अपनाए

**सतवास।** सांदीपनि शा. उ. मा. वि. सतवास के परिसर में आयोजित समारोह में बाबा साहब डॉ अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर, दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कन्नोद न्यायालय के न्यायाधीश सोनाली शर्मा थे। स्वागत भाषण संकुल प्राचार्य आशा जोशी ने दिया। अपने उदबोधन में न्यायाधीश सोनाली शर्मा ने कहा कि पूज्य बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के आदर्शो पर चलकर हम अपना जीवन सफल और उद्देश्य पूर्ण बना सकते हे। हम सब को बाबा साहब के आदर्श मार्ग का अनुसरण करना हे। समतामूलक समाज और सामाजिक समरसता ये हमारे जीवन का और हमारी संस्कृति का मूलमंत्र हे, जो बाबा साहब ने ही हमें दिया हे आज हम सब मिलकर यह संकल्प लेते हे कि इन्ही उदेश्यों के लिए हम अपना सारा जीवन लगा देंगे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए सांस्कृतिक शिक्षक मनोज दुबे ने नारे लगवाऐ बाबा साहब अम्बेडकर अमर रहे, अमर रहे। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन पंकज बैरागी और सुदामा यादव ने किया। कार्यक्रम में पुलिस विभागसे नजर खां, शुभम मालवीय विद्यालय परिवार से गणेश धूर्वे, श्री राम चौहान, सुनील राठौर, विनोद मालवीय, गजानंद यादव, आनंद शर्मा, प्रदीप यादव, अलकेश राठौर, मनोज राठौर, सुदामा यादव, विजेंद्र अहिरवार, प्रमिला कर्मा, रामदिन ठाकुर आदि का सहयोग रहा।

### भौरासा की बालिका ने प्रदेश में लहराया परचम



**भौरासा।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा दसवीं और बारहवीं का परीक्षा परिणाम बुधवार को घोषित परीक्षा परिणाम में जिले की बेटियों ने एक बार फिर से नाम रोशन किया। प्रदेश की मेरिट सूची में तीन छात्राओं ने स्थान प्राप्त किया है। इसमें कक्षा दसवीं की दो व 12वीं की एक छात्रा शामिल है। कक्षा 12वीं में उत्कृष्ट विद्यालय देवास की वाणिज्य संकाय की छात्रा राशि पिता संजय माली भौरासा ने 96.8त्न अंक प्राप्त करके प्रदेश मे सातवां स्थान प्राप्त किया है कक्षा 12 वीं में प्रदेश की मेरिट में सातवां स्थान प्राप्त करने वाली राशि मूल रूप से भौरासा नगर की रहने वाली है जब राशि से मीडिया ने चर्चा की तो उन्होंने बताया कि वह आगे चलकर सीए बनना चाहती हैं और उन्होंने ने कहा की मोबाइल फोन का उपयोग पढ़ाई के लिए किया व कई टापिक इंटरनेट के माध्यम से समझे राशि के पिता संजय माली भौरासा नगर मे एक किराना दुकान चलते हैं। राशि का देवास में विद्यालय सहित अन्य जगहों पर पुष्प माला एवं गुलदस्ता से स्वागत सम्मान हुआ तो वही राशि जैसे ही भौरासा नगर पहुंची तो उनके परिवार व इस्ट मित्रों द्वारा भी आतिशबाजी कर मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया, इस अवसर पर रमेश दीवान, कमलेश नामदेव, डॉ मोहन माली, डॉ संजय माली, मोहनलाल विश्वकर्मा, संतोष माली, सहित आदि मौजूद रहे।

### सरस्वती ज्ञान पीठ के विद्यार्थियों ने बाजी मारी

**देवास।** हाई स्कूल तथा हायर सेंकण्डरी का परीक्षा परिणाम श्रेष्ठ रहा है। हाई स्कूल परीक्षा में प्रथम श्रेणी में स्वास्तिक विश्वकर्मा 94.2 प्रतिशत, विजय राठौर 84.6 प्रतिशत, प्रविण बामनिया 83.4 प्रतिशत, अंकुश नागर 78.6 प्रतिशत, प्राची जोशी 70.2 प्रतिशत। हायर सेंकण्डरी परीक्षा में प्रथम श्रेणी में मिनाक्षी मिश्रा 95.2 प्रतिशत, निकिता डाबी 87.8 प्रतिशत, संदीप सिंह ठाकुर 84.6 प्रतिशत, सपना ठाकुर 84.6 प्रतिशत, ललीत राठौर 82 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को विद्यालय संचालक प्रेमनाथ तिवारी, प्राचार्य सुषमा निगम एवं उपप्राचार्य कमल पंवार, राजन तिवारी एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

### इंग्लैण्डियन इंग्लिश मिडियम की छात्राओं ने बाजी मारी

**देवास।** हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में इंग्लैण्डियन इंग्लिश मिडियम हाई स्कूल देवास का परीक्षा परिणाम श्रेष्ठ रहा। हाई स्कूल परीक्षा में प्रथम श्रेणी में अर्चना पिचलानिया 94.2 प्रतिशत, माधुरी बघेल 92.4 प्रतिशत, शैलजा द्विवेदी 90.6 प्रतिशत, राजनंदिनी नागर 88.2 प्रतिशत, आरूष जैन 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को विद्यालय संचालक प्रेमनाथ तिवारी, राजन तिवारी एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

### बाबा साहेब अम्बेडकर को याद किया

**देवास।** भारत स्काउट एंड गाइड मध्य प्रदेश जिला संघ देवास द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय देवास में भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई। मासिक पत्रिका बालचर रवि के जिला संवाददाता हेमेंद्र निगम काकू ने बताया कि कार्यक्रम में जिला संगठन आयुक्त मनोज पटेल जिला प्रशिक्षण स्काउट आर सी सोलंकी, अश्विन घोरपड़े जिला रेडक्रास प्रभारी, कोमल चौधरी डी ओ सी गाइड, कैलाश सिंह चौधरी केंद्रीय विद्यालय शिक्षक, उर्मिला गुनाया, शिवचरण अंगुरिया, अशोक शर्मा, ज्योति बूटानी, मनीष बूटानी मोहन वर्मा एवं स्काउट गाइड उपस्थित रहे। कार्यक्रम के पश्चात सभी लोग रैली के रूप में उज्जैन चौराहा पहुंचे, जहां पर सभी ने बाबा साहेब के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

## करोड़ों की ठगी का मामला, पीड़ितों ने जांच पर उठाए सवाल

**सीबीआई जांच की मांग**




**देवास।** जिले में करोड़ों रुपये की ठगी के चर्चित मामले में अब पीड़ितों ने पुलिस की जांच प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए हैं। मामले में दर्ज अपराध क्रमांक 505/2025 के तहत कार्रवाई होने के बावजूद पीड़ितों का आरोप है कि मुख्य आरोपियों को संरक्षण दिया जा रहा है और जांच निष्पक्ष तरीके से नहीं की जा रही। फरियादी पक्षों ने प्रेस वार्ता में बताया कि देवास में पिछले 25 से अधिक लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले संगठित गिरोह के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। आरोप है कि पुलिस द्वारा प्रारंभ में प्रकरण दर्ज करने में भी लापरवाही बरती गई, जिसके बाद उच्च अधिकारियों से शिकायत करने पर मामला दर्ज किया गया। पीड़ितों का कहना है कि मुख्य आरोपी आनंद देवकर और उसकी पत्नी रूपाली देवकर के खिलाफ कार्रवाई की गई, जिसमें रूपाली देवकर को गिरफ्तार भी किया गया था। बाद में मुख्य आरोपी द्वारा आत्मसमर्पण किया गया, लेकिन मामले में शामिल अन्य सहयोगियों के खिलाफ अब तक ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। बताया गया है कि आरोपी द्वारा देवास और इंदौर में मिलकर लोगों से बड़ी रकम की ठगी की गई है। इसके बावजूद पीड़ितों का आरोप है कि जांच में सभी तथ्यों को शामिल नहीं किया जा रहा है।

### पीड़ितों की प्रमुख मांगें

पीड़ितों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की जांच सीबीआई या ईडी से कराई जाए थाना सिविल लाइन प्रभारी की भूमिका की निष्पक्ष जांच हो सभी जरूरी साक्ष्य जांच में शामिल किए जाएं मामले में शामिल अन्य आरोपियों को भी नामजद किया जाए पीड़ितों को उनकी जमा राशि वापस दिलाई जाए

## ब्राउन शुगर बेचते दो गिरफ्तार



**सोनकच्छ।** थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम खरपड़ी धतुरिया रोड़ पुलिया के पास एक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से मादक पदार्थो का विक्रय करने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना की गंभीरता को देखते हुए टीआई अजयसिंह गुर्जर के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर दबिश दी गई। जहां से आरोपी बाबूलाल पिता धूलजी गुर्जर व सागर पिता किशोर देलनिया को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के पास से करीब 20.62 ग्राम ब्राउन शुगर (मादक पदार्थ) जिसकी अनुमानित कीमत करीब 1 लाख रुपए बरामद की गई। उक्त आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

## आबकारी विभाग ने कार्रवाई जब्त की शराब

**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देश पर जिले में अवैध मदिरा के संग्रहण, परिवहन एवं विक्रय पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी के तहत आबकारी विभाग द्वारा निरंतर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में सहायक आबकारी आयुक्त मनीष खरे के मार्गदर्शन में आज आबकारी टीम द्वारा शहर के अजय विलास रेस्टोरेंट और बार पर औचक निरीक्षण की प्रभावी कार्यवाही की गई।

सत्यापन में समस्त परमिट प्रस्तुत नही किये। सहायक जिला आबकारी अधिकारी निलेश पवार एवं टीम द्वारा बार के मदिरा स्कंध का भौतिक सत्यापन करने पर प्रथम दृष्टया पाया गया कि बार में संग्रहित कुल स्कंध 79 पेटी बियर और 27 पेटी स्प्रिट स्कंध कुल 106 पेटी में से कुछ मदिरा का मिलान मौके पर प्रस्तुत वैध परमिट से नहीं हो रहा है। सहायक जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि जाँच के दौरान जब्त इन मदिरा का मिलान प्रस्तुत परमिट से होना नहीं पाया, जिनमें 61 पेटी बियर (विभिन्न ब्रांड की), 38 नग विदेशी मदिरा बोतल (बैगपाइपर, ऑफिसर्स चॉइस, 8 पीएम व्हिस्की, लंदन प्राइड वोडका आदि) है। उन्होंने बताया कि लाइसेंस शर्तों के तहत प्रकरण पंजीबद्ध उक्त मदिरा का मिलान वैध परमिट से न होने की स्थिति में समस्त स्कंध को विधिवत जप्त किया गया है।

संबंधित बार संचालक के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम / नियम/ लाइसेंस शर्तों के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है जिसमे आगे जांच पड़ताल की जावेगी। अवैध गतिविधियों पर विभाग की पैनी नजर सहायक आबकारी आयुक्त ने स्पष्ट किया है कि जिले में संचालित समस्त मदिरा दुकानों एवं बारों को नियमों के अधीन ही संचालन करना होगा।

## नारी शक्ति का शंखनाद, विधायक के नेतृत्व में स्कूटी रैली निकाली

**देवास।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में देवास में भव्य स्कूटी रैली का आयोजन किया गया। विधायक गायत्री राजे पवार के नेतृत्व में आयोजित इस रैली में बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर नारी सशक्तिकरण का संदेश दिया। विधायक गायत्री राजे पवार ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया में सशक्त भागीदारी का अवसर देगा, जिससे समाज और देश की प्रगति को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने सभी महिलाओं से इस अभियान से जुड़कर अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने का आह्वान किया। भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. रायसिंह सेंधव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लाया गया यह ऐतिहासिक अधिनियम महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित कर उन्हें नई पहचान और अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने इसे केवल एक कानून नहीं, बल्कि नारी शक्ति के सशक्तिकरण का महापर्व बताया। इस अवसर पर देवास विधायक श्रीमंत गायत्री राजे पवार, भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बहादुर मुकाती, जिला महामंत्री राजेश यादव, सभापति रवि जैन, विधानसभा प्रभारी ओम जोशी आदि उपस्थित रहे।

## तीन छात्राओं ने प्रदेश मेरिट में बनाई जगह, 10वीं-12वीं में किया शानदार प्रदर्शन

**10वीं का रिजल्ट 69.35 प्रतिशत और 12वीं का 72.30 प्रतिशत रहा**



**देवास।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित 10वीं और 12वीं परीक्षा परिणाम में देवास जिले के विद्यार्थियों ने इस वर्ष भी बेहतर प्रदर्शन किया। खास बात यह रही कि जिले की तीन छात्राओं ने प्रदेश की मेरिट सूची में स्थान बनाकर शहर का नाम रोशन किया। माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 10वीं-12वीं की परीक्षा का परिणाम बुधवार को घोषित किया। कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम लगभग 69.35 प्रतिशत रहा। कक्षा 12वीं में 72.30 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। कक्षा 10वीं में 20834 नियमित परीक्षार्थी शामिल हुए थे। प्रथम श्रेणी में 10536, द्वितीय श्रेणी में 3890 व तृतीय श्रेणी में 23 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। कुल 14449 नियमित परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। जबकि प्राइवेट परीक्षार्थियों का परिणाम सिर्फ 47.69 प्रतिशत रहा। प्राइवेट रूप से 2715 परीक्षार्थी शामिल हुए। इनमें प्रथम श्रेणी में 220, द्वितीय श्रेणी में 815 व तृतीय श्रेणी में 259 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। प्राइवेट परीक्षार्थियों में कुल 1294 उत्तीर्ण हुए। कक्षा 12वीं में 15963 परीक्षार्थी नियमित रूप से शामिल हुए थे। इनका उत्तीर्ण प्रतिशत 72.30 रहा। इनमें से 8617 प्रथम, 2904 द्वितीय व 20 तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। इस प्रकार कुल 11541 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। कक्षा 12वीं के प्राइवेट परीक्षार्थियों का परीक्षा परिणाम 53.23 प्रतिशत रहा। इनमें 3789 परीक्षार्थी शामिल हुए। जिनमें 2017 उत्तीर्ण हुए। प्रथम श्रेणी में 465, द्वितीय श्रेणी में 1211 व तृतीय श्रेणी में 341 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। इस वर्ष मंडल द्वारा प्रसारित प्रावीण्य सूची में हायर सेकंडरी परीक्षा में देवास जिले की एक छात्रा ने मेरिट में स्थान बनाया है। उत्कृष्ट विद्यालय की राशि पिता संजय माली को वाणिज्य संकाय में प्रदेश की मेरिट में 7वां स्थान मिला है। राशि ने 500 में से 484 अंक प्राप्त किए। 10वीं में अशा. जीएलटी उमावि देवास की अक्षरा पिता जितेंद्र शिंदे को प्रदेश की मेरिट में 9वां स्थान हासिल हुआ है।

## श्री श्रीगौड़ ब्राह्मण समाज की महिला संगठन का पदभार ग्रहण समारोह

**देवास।** विगत दिनों स्थानीय श्यामा वाटिका गार्डन, मक्सी रोड देवास पर जागृति श्री श्रीगौड़ ब्राह्मण समाज सेवा संगठन देवास की वृहद बैठक आहुत की गई बैठक में 6 फरवरी 2026 को संपन्न सामूहिक विवाह सम्मेलन एवं यज्ञोपवीत संस्कार का आय व्यय का सम्पूर्ण लेखा- जोखा, संगठन के सदस्यों, जोड़ों के अभिवावकों एवं संवरक्षक, मार्गदर्शक, समाजजनों की उपस्थिति में प्रस्तुत किया गया। उपस्थित सभी लोगों ने संगठन के



मितव्ययता से खर्च की सराहना की एव आयोजक टीम का सम्मान किया।

अध्यक्ष वासुदेव शर्मा द्वारा समाजजनों से सम्मेलन में शादी करने से होने वाली सामूहिक सामाजिक बचत के उद्देश्य से अवगत कराया एवं आर्थिक रूप से सक्षम समाज जनों से भी सम्मेलन में शादी करने की अपील की। अध्यक्ष द्वारा संगठन की नवीन कार्ययोजना भी बैठक में प्रस्तुत की गई जिसमे, ग्रामीण एवं तहसिल प्रभारीयो की नियुक्ति, ईकाईयों का गठन, कोर कमेटी का गठन जैसे कई विषयो को प्रमुखता दी गई है।

बैठक में जिन जोड़ों का विवाह हुआ था उनका अभिभावको के साथ एवं दानदाताओं का भी सम्मान किया गया। संवरक्षको, मार्गदर्शको एवं प्रबंध कार्यकारीणी की उपस्थिति में जागृति महिला संगठन का पदभार ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। आभार उपाध्यक्ष जोशी ने माना।

## चिमनाबाई की छात्राओं ने किया शानदार प्रदर्शन

**देवास।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल की 10वी एवं 12वी की सत्र 2025-26 की बोर्ड परीक्षाओं का परीक्षा परिणाम आज घोषित हुआ। सुबह से छात्राओं व शिक्षकों में रिजल्ट के प्रति उत्साह व उत्सुकता बनी हुई थी। एक एक कर सभी छात्राओं के रिजल्ट देखे गये। कक्षा 12वी में शिवानी विनोद चौधरी ने सर्वोच्च 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया वही कक्षा 10वी की नाजिया पटेल ने सर्वोच्च 92.2 प्रतिशत लाकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार विनीता मालवीय 92:, साधना प्रजापत 91.6, माया चौहान 90.8, कृष्णा प्रजापति 90.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। इस उपलब्धि पर विद्यालय प्राचार्य राजू सातपूते एवं कक्षा अध्यापक राखी शर्मा तथा कौटिल्य नायक ने छात्राओं को मिठाई खिलाकर व पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर परीक्षा प्रभारी नरेन्द्र शर्मा, बाबूलाल भाटी सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित थे। विद्यालय का कक्षा 12वी का रिजल्ट 62.2 प्रतिशत और कक्षा 10वी का 59 प्रतिशत रिजल्ट रहा।

## द लाइकेन्स इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**देवास।** द लाइकेन्स इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों ने जे.ई.ई के बाद 12 वीं एमपी बोर्ड और 10 वीं सीबीएससी एवं 10 वीं एम.पी.बोर्ड परीक्षा में भी उत्कष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्था और विद्यालय का नाम रोशन किया। 12 वीं एम पी बोर्ड में हंशिका जादोन 92.4 प्रतिशत, दिव्यांशी शर्मा 90.4 प्रतिशत, नवीन ठाकुर ने 90.4 प्रतिशत, सौभाग्य ने 89 प्रतिशत, कार्तिक 86.6 प्रतिशत, तनप्रित 85 प्रतिशत, उमेर ने 83.6 प्रतिशत निशि शर्मा 89 प्रतिशत वैष्णवी ने 83 प्रतिशत, नंदिनी 82 प्रतिशत, शगुन 81 प्रतिशत अंक प्राप्त किये तथा 25 बच्चों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किये। 10 वीं सीबीएससी में सौम्या पांडे ने 95 प्रतिशत, हार्दिक लश्करी ने 92.4 प्रतिशत, शिवम तंवर ने 90.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। श्रेया राठौर 84 प्रतिशत, नेन्सी परिहार 81 प्रतिशत, साहित्य दुबे 79 प्रतिशत, कबीर धबाड़े 79.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। 10 वीं एम पी बोर्ड में हीरल अग्रवाल ने 89 प्रतिशत, विश्वास माते ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संस्था एवं विद्यालय का नाम रोशन किया। संस्था के निर्देशक नवीन शर्मा ने बताया कि नियमित टेस्ट, अनुभवी शिक्षकों का मार्गदर्शन, अनुशासित अध्ययन पद्धति के कारण यह सफलता संभव होती है। लाईकेन्स इंस्टीट्यूट केवल परिणाम देना ही नहीं बल्कि विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन, और निरंतर मेहनत की आदत विकसित करना चाहता है।

## एक नजर

**आरूषी बाहेती का ऐतिहासिक सम्मान**

### देवास जिला माहेश्वरी महिला संगठन का कार्यसमिति सम्मान एवं शपथ ग्रहण समारोह

**देवास।** पप्पू एंड पप्पू रिसोर्ट सोनकच्छ में देवास जिला माहेश्वरी महिला संगठन का कार्यकर्ता सम्मान एवं शपथ ग्रहण समारोह अत्यंत गरिमामय और भव्य वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष ने की। कार्यक्रम का आतिथ्य सोनकच्छ महिला संगठन द्वारा किया गया। महेश वंदना की प्रस्तुति अनीता मुंदड़ा, अनीता दरक, सीमा राठी एवं कोमल चांडक द्वारा दी गई। नृत्य द्वारा स्वागत गीत की प्रस्तुति मनीषा लाठी, ममता राठी, एकता दरक, निधि लाठी एवं रूपाली दरक द्वारा दी गई। कार्यक्रम के



अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मंगला परवाल ने की। इस अवसर पर मंगला परवाल एवं उनकी टीम द्वारा नवनिर्वाचित जिला पदाधिकारियों का आत्मीय स्वागत व सम्मान किया गया। पश्चिम मध्य प्रदेश प्रादेशिक महिला संगठन की नवनिर्वाचित प्रदेश सचिव साधना बियाणी ने सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को सेवा और संगठन के प्रति समर्पित रहने की शपथ दिलाई। प्रदेश अध्यक्ष उषा सोडाणी ने संगठन की कार्यप्रणाली को सशक्त बनाने पर विचार रखे। पूर्व जिला अध्यक्ष सत्यनारायण लाठी ने भाषा, भूषा, भोजन और भजन के माध्यम से संस्कृति से जुड़े रहने का आह्वान किया। समाज की होनहार सुपुत्री आरुषी बाहेती का विशेष सम्मान किया गया। आरूषी ने देश की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक नेशनल डिफेंस एकेडमी में ऑल इंडिया गर्ल्स रैंक 15 प्राप्त कर पूरे देश में देवास और माहेश्वरी समाज का नाम रोशन किया है। भविष्य में लेफ्टिनेंट बनकर देश की सेवा करने वाली आयुषी को संगठन की ओर से सम्मान पत्र (सर्टिफिकेट) प्रदान कर सम्मानित किया गया। समाज की इस लाड़ली की सफलता पर उपस्थित सभी सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया। उक्त जानकारी जिला प्रचार मंत्री ज्योति तापड़िया दी। पूर्व सचिव ऋतु तापड़िया ने आभार व्यक्त किया।